जिला विधिक सेवा प्राधिकार (व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा)

फोन नं0 9334457622

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक संख्या 3529 दिनांक 22.11.2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा में 10 (दस) पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक/ कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक/ कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाना है।

महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. आवेदक की निम्नतम् आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम् शैक्षण्कि योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा (व्यवहार न्यायलय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक 07/12/2024 तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/ कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक/ कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाएगा।
6. पी0एल0वी0 के रूप में कार्य हेतू करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0एल0वी0 को उसके कार्य हेतु नहीं मिलता है।
8. पी0एल0वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमलोगों और कानूनी सेवा संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/ वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतु समर्पित किया जाता है।

नोटः– साक्षात्कार की संभावित तिथि 11 दिसंबर, 2024 से 12 दिसंबर, 2024 है। इसकी सूचना व्यवहार न्यायालय के वेबसाईट https://simdega.dcourts.gov.in/ पर दी जाएगी। अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

Scanned with OKEN Scanner

पारा लीगल वोलेन्टियर हेतू आवेदन प्रपत्र

स्वः अभिप्रमाणित फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम :–
2. पिता / पति का नाम :–
3. माता का नाम :–
4. जन्म तिथि (दिन / माह / वर्ष) :–
5. लिंग :–
6. जाति :
7. जन जाति / स्थानीय भाशा का ज्ञान :–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता :–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण :–
10. स्थानीय पता :–
11. स्थायी पता :–
12. मोबाईल नम्बर :–

घोषणा :–

मैं .... घोषणा करता / करती हूँ कि :

(क) मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ / हुई हूँ।

(ख) मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर, सिमडेगा द्वारा प्रदत्त कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा / करूँगी।

स्थान :

दिनांक :

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner